जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2021/615 दिनांक : 24.03.2021

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अंतिम अवसर

विषयः- एम0लिब0आई0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी परीक्षार्थीयों हेतु) परीक्षा दिसम्बर-2020 के आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेंट के अंक दिनांक 31.03.2021 तक आनलाइन अपडेट किये जाने हेतु।

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 147/188/2020/38-3 दिनांक 01.02.2021।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्रानुसार सत्र 2020-21 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं को संपादित करने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये। है। शासन के उपरोक्त दिशा निर्देशों के के परिप्रेक्ष्य में स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर-2020 के नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम म0प्र0 उच्च शिक्षा विभाग के प्रदत्त निर्देशों के अनुसार घोषित किये जाना है।

अतः समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक संबंधित अध्ययनशाला को यह अवगत कराया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 के परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेंट परीक्षा म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार संपदित कराकर समस्त परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा/असाइनमेंट परीक्षा के अंक दिनांक **31.03.2021** तक एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल आवश्यक रूप से अपडेट करें।

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के ऐसे परीक्षार्थी जो **प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन** की ए0टी0के0टी0 परीक्षा दिसम्बर-2020 में सम्मलित हो रहे हैं। उक्त ए0टी0के0टी परीक्षार्थियों के उक्त विषय का असाइनमेंट प्राप्त कर असाइनमेंट के अंक MP ONLINE PORTAL पर आवश्यक रूप से अपडेट करें तथा ए0टी0के0टी0 परीक्षा दिसम्बर-2020 के ऐसे परीक्षार्थी जो **सैद्धांतिक परीक्षा** की ए0टी0के0टी में सम्मलित हो रहे है। उक्त छात्रों के सैद्धांतिक परीक्षा के असाइनमेंट के अंक http://www.univexam.org पोर्टल पर अपडेट करें।

आपको यह विदित कराया जाता है कि, समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा हेतु म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार असाइनमेंट प्राप्त करें तथा प्राप्त असाइनमेंट का महाविद्यालय/अध्ययनशाला स्तर पर मूल्यांकन कराकर प्रायोगिक परीक्षा के असाइनमेंट के अंक एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करें। समस्त परीक्षार्थियों से प्राप्त सभी असाइनमेंट का संधारण महाविद्यालय/अध्यनशाला स्तर पर ही किये जाना है। आवश्यकता प्रतीत होने पर उक्त रिकार्ड विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के असाइनमेंट के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT)ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा असाइनमेंट(सैद्धांतिक,आंतरिक मूल्यांकन,प्रायोगिक परीक्षा) के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन असाइनमेंट के अंक मान्य नहीं किये जावेगे। असाइनमेंट के अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. प्रबंधक, माइक्रोनिक इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि अजमेर, की ओर सैद्धांतिक परीक्षा के असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु तथा विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गये पत्र क्रमांक 335/03.03.2021 के अनुसार पोर्टल में सुधार सुनिश्चित किये जाने की कार्यवाही हेतु।
6. श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)